

नवम्बर–2018

www.uppolice.gov.in

# न्यूज़ लेटर

## मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

पहल

जन कल्याण सेवाएँ

*अन्दर के पृष्ठों पर...*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- उल्लेखनीय कार्य
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, अभियान एवं गोष्ठी

विविध







<u>अमर शहीदों को श्रद्धांजलि</u> : दिनांक 21.10.2018 : प्रातः सभी जनपदीय पुलिस लाईन्स के साथ पुलिस लाइन, लखनऊ में भी शहीद पुलिसजनों को श्रद्धांजलि हेतु "स्मृति दिवस परेड" आयोजित हुई। श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने परेड की सलामी ली।

मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री, उ.प्र., योगी आदित्यनाथ जी ने भी परेड का मान–प्रमाण ग्रहण किया। तत्पश्चात् शहीद पुस्तिका ससम्मान सलामी मंच पर रखी गयी। पुलिस महानिदेशक ने देशभर में 01 सितम्बर 2017 से 31 अगस्त 2018 तक शहीद हुए 414 पुलिसजनों के बारे में जानकारी दी। उ.प्र. के शहीद 67 पुलिसजनों के नाम पढ़े गये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने वीर पुलिसजनों के सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया तथा "स्मृति दिवस परेड" की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि अर्थात्, 21 अक्टूबर, 1959 को लद्दाख के जनहीन क्षेत्र में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों द्वारा शत्रु सेना से मातृभूमि की रक्षा करते हुए उनके प्राणों के बलिदान को याद किया।

शहीद पुस्तिका को शहीद स्मारक स्थल पर रखा गया तथा मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र., मा. मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव (गृह), पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. एवं वरिष्ठ पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों तथा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों ने श्रद्धापूर्वक पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन् किया। परेड ने शहीदों को सलामी दी तथा शोक प्रदर्शित किया।



मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र. ने अपने भावपूर्ण सम्बोधन में पुलिस की कठिनाईयों को दूर करने हेतु किये जा रहे विभिन्न प्रयासों यथा, नई भर्तियाँ करने, अवकाश, प्रशिक्षण, प्रोन्नति, बैरक व्यवस्था, पुलिस आधुनिकीकरण हेतु आयोग, चिकित्सा प्रतिपूर्ति, आसाधारण पेंशन नियमावली में संशोधन, मृत्यु/दिव्यांग होने पर अनुग्रह राशि, शहीद के पैतृक गांव के सम्पर्क मार्ग का नामकरण, एसडीआरएफ, यूपी 100 परियोजना के उन्नयन के सम्बन्ध में उल्लेख किया। मा. मुख्यमंत्री ने शहीद पुलिसजनों की पत्नियों/आश्रितों को एक–एक उपहार एवं 25–25 हजार रूपये नकद प्रदान किये। परेड में पीएसी, नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, एटीएस एवं एसडीआरएफ की कुल 12 टुकड़ियाँ सम्मिलित हुईं।



<u>सामाजिक समरसता</u> : दिनांक 15.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. की पहल पर केरल के बाढ़ प्रभावितों के सहायतार्थ उ.प्र. पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्वैच्छिक रूप से 01 दिन के वेतन दान से रू. 11 करोड़ एकत्र हुए जिसका चेक मा. मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, योगी आदित्यनाथ जी को प्रमुख सचिव, गृह, श्री अरविन्द कुमार, पुलिस महानिदेशक, श्री ओ.पी. सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने भेंट किया।



<u>सम्मान</u> : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त ज़ोनल एडीजी को मोहर्रम, दुर्गापूजा एवं दशहरा त्योहार सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया व रेन्ज आईजी/डीआईजी तथा एएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद के लिए प्रशस्ति पत्र जारी किये।

## जन कल्याण सेवाएँ

### पिंक बेल्ट वॉलेण्टियर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला

● दिनांक 31.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र ने वीमेन पावर लाइन–1090 में पिंक बेल्ट वॉलेण्टियर्स प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला में 150 वॉलेण्टियर ट्रेनर छात्राओं को पिंक बेल्ट मिशन की संस्थापिका सुश्री अपर्णा राजावत ने प्रशिक्षित किया।

### डिजिटल वॉलेण्टियर संगठन तैयार

● दिनांक 22.10.2018 : अफवाहों को रोकने में जनमानस की सहायता लेने हेतु प्रत्येक थाने पर 250 डिजिटल वॉलेण्टियर बनाने के पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के दिनांक 13.07.2018 के निर्देशानुसार कुल 1465 थानों में लगभग 2 लाख वॉलेण्टियर्स को वाट्सएप से जोड़ लिया गया है।

### रेल दुर्घटना पीड़ितों की मदद

● दिनांक 10.10.2018 : प्रातः लगभग 06.05 बजे हरचन्दपुर रेलवे स्टेशन, रायबरेली के आऊटर पर दुर्घटनाग्रस्त न्यू फरक्का एक्सप्रेस के घायलों, बुजुर्गों एवं बच्चों को अस्पताल पहुँचाने, तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने जैसे मानवीय संवेदनापूर्ण जीवन मूल्य कायम रखने वाले 28 अधिकारी / कर्मचारी पुलिस महानिदेशक के प्रशंसा चिन्ह से सम्मानित किये जायेंगे।





### 1090 महिला एप का शुभारम्भ

● दिनांक 04.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने 1090 महिला एप तथा महिला अपराधों की शिकायतों के निस्तारण हेतु जागरुकता अभियान का शुभारम्भ करते हुए 200 पॉवर ऐंजिल्स तथा शिक्षिकाओं को सम्बोधित किया। जागरुकता हेतु टैम्पो, टैक्सी, आटो रिक्शा एवं ई–रिक्शा में महिला सुरक्षा सम्बन्धी स्टीकर लगाये। सूचनाओं के प्रचार–प्रसार का उद्घाटन भी किया। एप लखनऊ के समस्त थानों, जीआरपी, कन्ट्रोल रुम व यूपी 100 से लिंक होगा।



### 'बुजुर्ग चौपाल'

● दिनांक 01.10.2018 : यूपी 100 द्वारा प्रदेश के 18 परिक्षेत्रों में वरिष्ठ नागरिकों को जागरुक करने सम्बन्धी, दिनांक 24.09.2018 से आरम्भ, ''बुजुर्ग चौपाल' में लगभग 2250 नागरिक शामिल हुए। चौपाल में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान सुझाये गये। यूपी 100 ने रेडियो एवं अन्य मीडिया माध्यमों द्वारा भी बुजुर्गों से संपर्क जोड़ा। 'हेल्पेज इण्डिया' ने सहभागिता व रंगमंच कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक द्वारा सन्देश दिए।

## उपलब्धि

### उ.प्र. पुलिस के UP COP Citizen APP को CCTNS Good Practices Award

● दिनांक 29.10.2018 से 30.10.2018 तक नई दिल्ली में राष्ट्रीय क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित कॉन्फ्रेन्स में उ.प्र. पुलिस को UP COP Citizen APP एवं Performance Management System तथा e-FIR विकसित करने हेतु CCTNS-Good Practices Award प्राप्त हुआ जिसे केन्द्रीय गृह सचिव से श्री ओ.पी. सिंह, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्राप्त किया।




● उ.प्र. राज्य परिवहन निगम की बसों में बिना टिकट यात्राओं का संचालन कराने वाले ''ग्रुप'' नाम के फर्जी टिकट गिरोह की गिरफ्तारी के परिणामस्वरुप निगम ने एस.टी.एफ. टीम को रु. 50,000.00 का पुरस्कार प्रदान किया है।

## पदोन्नति

● दिनांक 09.10.2018 को 1711 आरक्षी चालकों को मुख्य आरक्षी चालक पद पर तथा दिनांक 08.10. 2018 को 25091 आरक्षियों को मुख्य आरक्षी पद पर प्रोन्नति प्रदान की गयी।

## सराहनीय कार्य

● दिनांक 25.10.2018 : बाराबंकी में फर्जी ई कॉमर्स कम्पनी (fun2shop4u.com) का अभियुक्त व गौतमबुद्धनगर में फर्जी कॉल सेण्टर संचालकों सहित 31 अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 24.10.2018 : भ्रष्टाचार निवारण संगठन, मेरठ ने संग्रह अमीन, हापुड को रु. 20 हजार घूस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गाज़ियाबाद से रु. दो करोड़ की कोकीन सहित 02 तस्कर व नज़ीबाबाद स्थित हिन्दुस्तान पेट्रोलियम डिपो तेल के 06 तस्कर गिरफ्तार।

● दिनांक 22.10.2018 : दिनांक 13.06.2018 की रात्रि बोलेरो सवार अज्ञात बदमाशों ने आगरा में मेडिकल स्टोर स्वामी कपिल मंगल नुत्र महेश का अपहरण कर रु. 70 लाख की फिरौती माँगी। दिनांक 17.06.2018 को कपिल मंगल सकुशल बरामद, दिनांक 22.10.2018 को घटना में संलिप्त 04 इनामी अभियुक्त मय असलहे गिरफ्तार।

● दिनांक 16.10.2018 : दिनांक 10.10.2018 को कन्नौज से हुई रु. 01 करोड़ की चोरी का अनावरण, 02 अभियुक्त गिरफ्तार, 1.430 कि.ग्रा. सोने एवं 31. 190 कि.ग्रा. चाँदी के आभूषण व रु. 16 लाख नकद बरामद।

● दिनांक 14.10.2018 : दिनांक 21.09.2018 को बाँदा में प्रदीप सिंह के अपहरण से सम्बन्धित अपराधियों के साथ मुठभेड़ में अपहृत प्रदीप को सकुशल मुक्त कराया। गैंग के मुखिया सहित 05 अपराधी मय लूट के वाहन व असलहे गिरफ्तार।

● दिनांक 13.10.2018 : दिनांक 14.11.2013 को मा. जनपद न्यायालय, श्रावस्ती में हत्या व गैगेंस्टर एक्ट के बहराइच पेशी हेतु कारागार से लाये गये 02 अभियुक्त पेशी के उपरान्त पुलिस अभिरक्षा से भाग गये। उक्त की गिरफ्तारी हेतु रु. 50–50 हजार का पुरस्कार घोषित किया गया। दोनों अभियुक्त दिनांक 13.10.2018 को जनपद–सोलापुर, महाराष्ट्र से गिरफ्तार।

● दिनांकः 13.10.2018 : दिनांक 06.10.2018 को 07 वर्षीय बच्ची की बलात्कार / हत्या के बाद शव धार्मिक स्थल की छत पर मिला। एसएसपी, गाज़ियाबाद ने 07 टीम गठित कर लगभग 100 लोगों से पूछताछ की। 70–75 घरों की तलाशी ली। एफ. एस.एल. टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये। 72 घण्टे में हत्या का अनावरण कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त गिरफ्तार।

● दिनांक 09.10.2018 : बीमा तथा लाभकारी योजनाओं का लालच देकर करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी 11 ठग रु. 3,39,000.00 नकद, 50 एटीएम, 36 मोबाइल फोन, 11 आधार कार्ड, 07 पैन कार्ड आदि के साथ गिरफ्तार, खाते में रु. 2,80,000.00 बरामद।

● दिनांक 08.10.2018 : बरेली में रु. 57 लाख मूल्य के मादक पदार्थ व रु. 2,56,999.00 नकद बरामद, 01 अभियुक्ता गिरफ्तार।

## प्रेरक व्यक्तित्व

● दिनांक 22.10.2018 : रामपुर में श्री रोहताश से मोटर साइकिल सवार 03 अज्ञात बदमाशों ने रु. 45 हजार लूट लिये। घटना की सूचना पर मु0आरक्षी रवीन्द्र सिंह, आरक्षी धर्मेन्द्र सिंह तथा आरक्षी चालक राजेश कुमार गोले ने घटना में संलिप्त लोडेड तमंचा ताने शातिर अभियुक्त को साहसिक कार्यवाही में गिरफ्तार किया। तीनों आरक्षियों को पुलिस महानिदेशक प्रशंसा चिन्ह दिये जायेंगे।

● दिनांक 13.10.2018 : लखनऊ में चाय गोदाम में आग की सूचना पर मूवर–16 के ड्यूटीरत आरक्षी सनी सहरावत ने मौके पर गोदाम का शीशा हाथ से तोड़कर, स्वयं की चोट की परवाह किये बिना, पीड़ित परिवार की जान बचायी। इस आरक्षी को पुलिस महानिदेशक का प्रशंसा चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा।

● दिनांक 12.10.2018 : मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. पर कार्यरत आरक्षी संतोष कुमार यादव को करीब 17.30 बजे प्राणि उद्यान के निकट सड़क किनारे रुपये बिखरे मिले। पूछ–ताछ से जानकारी न होने पर आरक्षी ने रु. 7,590.00 कोतवाली हजरतगंज में जमा करा दिये। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने उक्त आरक्षी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

• झाँसी में नियुक्त महिला आरक्षी अर्चना द्वारा अपनी दुधमुँही बच्ची को लेकर कर्तव्य पूर्ण करने की फोटो सोशल मीडिया पर देखकर आरक्षी की कर्तव्यपरायणता के दृष्टिगत पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अर्चना का स्थानान्तरण आगरा किया व कामकाजी महिलाओं के कल्याणार्थ पुलिस लाइन/थानों में शिशुपालन गृह बनाये जाने पर विचार करने का आदेश दिया।

## अनुशासनहीन कार्मिकों पर कार्यवाही

• दिनांक 04.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार/प्रसार करने व अनुशासनहीनता पर दण्डात्मक कार्यवाही के निर्देश तथा अपराधिक कृत्य पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही हेतु सचेत किया।

## उल्लेखनीय कार्य

### ए.टी.एस

• दिनांक 08.10.2018 : उ.प्र. एटीएस द्वारा महाराष्ट्र एटीएस के सहयोग से रक्षा प्रतिष्ठान, नागपुर का अभियन्ता निशांत अग्रवाल निवासी उज्जवल नगर, नागपुर, महाराष्ट्र शासकीय गोपनीयता अधिनियम के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार।

### एस.टी.एफ.
### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 50,000.00 | 17.10.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 13.10.18 | वाराणसी | 01 |
| 25,000.00 | 31.10.18 | लखनऊ | 01 |
| | 10.10.18 | सुल्तानपुर | 02 |
| 20,000.00 | 16.10.18 | लखनऊ | 01 |
| 15,000.00 | 11.10.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| 10,000.00 | 16.10.18 | लखनऊ | 01 |

• दिनांक 28.10.2018 : बरेली में अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ 02 तस्करों से 01 किग्रा हेरोईन बरामद।

• दिनांक 26.10.2018 : अवैध तरीके से मानव रक्त (ब्लड) निकाल कर सेलाइन वाटर की मिलावट से दोगुना कर बेचने वाले गिरोह के 05 अभियुक्त व बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में तकनीकी छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपये की चोरी करने वाले गिरोह के 02 सदस्य गिरफ्तार।

• दिनांक 25.10.2018 : उ.प्र. पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के 03 सदस्य प्रयागराज से, 06 सदस्य आगरा से व बेसिक शिक्षा विभाग में वर्ष 2009 से दूसरे के शैक्षिक प्रमाण पत्रों पर सहायक अध्यापक की नौकरी कर रहे 04 अभियुक्त बलरामपुर से गिरफ्तार।

• दिनांक 12.10.2018 : अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, सादाबाद रुट की उ.प्र. राज्य परिवहन निगम की बसों में फर्जी टिकटों का वितरण कर बिना टिकट यात्राओं का संचालन कराने वाले "ग्रुप" नाम के फर्जी टिकट गिरोह के 03 सदस्य अलीगढ़ से; रेलवे भर्ती बोर्ड ग्रुप–डी परीक्षा में नकल कराने वाले गिरोह के 07 सदस्य मेरठ से व ट्रकों में लदे सामान के 05 लुटेरे लूट के मोबाइल सहित गौतमबुद्धनगर से गिरफ्तार।

• दिनांक 06.10.2018 : एटीएम कार्ड मशीन से छेड़छाड़ कर करोड़ों रुपये निकालने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के 03 सदस्य गिरफ्तार।

• दिनांकः 01.10.2018 : उ.प्र., पंजाब, हरियाणा एवं दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों के मादक पदार्थों के 03 तस्कर मय मादक पदार्थ लखनऊ से गिरफ्तार।

### जनपदीय पुलिस
### इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी

| इनाम (रु.) | दिनांक | जनपद | गिरफ्तारी |
|---|---|---|---|
| 1,50,000.00 | 21.10.18 | लखनऊ | 01 |
| 1,00,000.00 | 07.10.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| 50,000.00 | 27.10.18 | बलरामपुर | 01 |
| | 23.10.18 | गज़ियाबाद | 01 |
| | 23.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 13.10.18 | सोलापुर, महाराष्ट्र | 02 |
| | 06.10.18 | कानपुर देहात | 01 |
| | 06.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 02.10.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 01.10.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| 35,000.00 | 30.10.18 | खीरी | 01 |
| 25,000.00 | 31.10.18 | बागपत | 02 |
| | 30.10.18 | रायबरेली | 01 |
| | 30.10.18 | मेरठ | 01 |
| | 29.10.18 | मथुरा | 01 |
| | 29.10.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 28.10.18 | गौतमबुद्धनगर | 03 |
| | 27.10.18 | मैनपुरी | 01 |
| | 27.10.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 23.10.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 23.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 23.10.18 | महराजगंज | 01 |
| | 22.10.18 | खीरी | 01 |
| | 22.10.18 | आगरा | 04 |
| | 22.10.18 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| | 20.10.18 | मथुरा | 01 |
| | 20.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 20.10.18 | प्रतापगढ़ | 01 |
| | 19.10.18 | मेरठ | 01 |
| | 18.10.18 | शामली | 01 |
| | 16.10.18 | एटा | 01 |
| | 16.10.18 | हापुड़ | 01 |
| | 14.10.18 | सुल्तानपुर | 01 |
| | 14.10.18 | हरदोई | 01 |
| | 14.10.18 | सम्भल | 01 |
| | 12.10.18 | कानपुर नगर | 03 |
| | 12.10.18 | सम्भल | 01 |
| | 12.10.18 | रायबरेली | 01 |
| | 12.10.18 | मथुरा | 01 |
| | 11.10.18 | हमीरपुर | 01 |
| | 10.10.18 | बाँदा | 01 |
| | 10.10.18 | गोरखपुर | 01 |
| | 10.10.18 | एटा | 02 |
| | 07.10.18 | हापुड़ | 01 |
| | 06.10.18 | कासगंज | 01 |
| | 06.10.18 | गाज़ियाबाद | 01 |
| | 05.10.18 | कासगंज | 01 |
| | 03.10.18 | मुजफ्फरनगर | 01 |
| | 03.10.18 | हरदोई | 01 |
| | 02.10.18 | गौतमबुद्धनगर | 01 |
| | 01.10.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 01.10.18 | कानपुर देहात | 01 |
| 20,000.00 | 26.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 09.10.18 | मथुरा | 01 |
| 15,000.00 | 19.10.18 | सम्भल | 01 |
| | 19.10.18 | गोण्डा | 01 |
| | 15.10.18 | महोबा | 01 |
| | 11.10.18 | सहारनपुर | 01 |
| | 09.10.18 | हरदोई | 01 |
| | 06.10.18 | मुजफ्फरनगर | 02 |
| | 04.10.18 | मथुरा | 01 |
| | 03.10.18 | सम्भल | 01 |
| | 01.10.18 | जौनपुर | 01 |
| 12,000.00 | 28.10.18 | जौनपुर | 01 |
| | 11.10.18 | अमरोहा | 01 |
| | 03.10.18 | सन्तकबीरनगर | 01 |
| 10,000.00 | 20.10.18 | फिरोज़ाबाद | 01 |
| | 20.10.18 | सम्भल | 01 |
| | 18.10.18 | मुरादाबाद | 01 |
| | 18.10.18 | बुलन्दशहर | 01 |
| | 16.10.18 | वाराणसी | 01 |
| | 13.10.18 | सोनभद्र | 01 |
| | 09.10.18 | मेरठ | 01 |

उक्त के अतिरिक्त जनपद बरेली, गाज़ियाबाद, गौतमबुद्वनगर, अमरोहा, फिरोज़ाबाद, मथुरा, कानपुर नगर, एटा, बुलन्दशहर, शामली, इटावा, कासगंज, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, कन्नौज, सम्भल, हाथरस, रामपुर, लखनऊ, सहारनपुर, शाहजहाँपुर, गोण्डा, जौनपुर, बाँदा, आजमगढ़, अमेठी, बस्ती, देवरिया, अलीगढ़, बलिया, बाराबंकी, फर्रूखाबाद, बिजनौर, झाँसी, सीतापुर, महराजगंज इत्यादि जनपदों में भी अभियुक्तों, लुटेरों, वाहन चोरों, तस्करों, सट्टेबाजों, इत्यादि अपराधियों की गिरफ्तारियों के साथ कीमती सामान, आग्नेयास्त्रों इत्यादि की काफी मात्रा में बरामदगी हुई है।

## आदेश/निर्देश

• पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी/डीआईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी/एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश निर्गत किये हैं–

1) डीजी–परिपत्र–58/2018 दिनांक 27.10.2018 द्वारा दीवानी व राजस्व मामलों मे पुलिस हस्तक्षेप के सम्बन्ध में निर्देश,

2) डीजी–परिपत्र–57/2018 दिनांक 24.10.2018 द्वारा पेट्रोल/डीजल टैंकरो से पेट्रोलियम उत्पाद चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु निर्देश,

3) डीजी–परिपत्र–56 / 2018 दिनांक 24.10.2018 द्वारा मॉनीटरिंग सेल की बैठक में प्रतिभाग करने तथा विचारणीय बिन्दुओं पर निर्देश,

4) डीजी–परिपत्र–55 / 2018 दिनांक 22.10.2018 द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को प्रभावी बनाने हेतु कार्यालयों, आवासीय परिसर, लाइन परिसर, बैरकों तथा आस–पास साफ–सफाई हेतु आगामी 30 दिनों तक विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देश,

5) डीजी–परिपत्र–54 / 2018 दिनांक 04.10.2018 द्वारा बैंकिंग साइबर अपराधों से प्रभावित उपभोक्ताओं की मदद हेतु निर्देश,

6) डीजी–परिपत्र संख्या–53 / 2018 दिनांक 04. 10.2018 द्वारा सोशल मीडिया पॉलिसी के अनुपालनार्थ निर्देश,

7) डीजी–परिपत्र संख्या–52 / 2018 दिनांक 03. 10.2018 द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी में आरपीएफ, जीआरपी, अग्निशमन एवं रेडियो विभाग के कार्मिकों को सम्मिलित किये जाने के संदर्भ में निर्देश,

8) डीजी–परिपत्र संख्या–51 / 2018 दिनांक 03. 10.2018 द्वारा परिपत्र संख्याः डीजी–30 / 2018 दिनांक 13.06.2018 को निरस्त करते हुए एक अतिरिक्त निरीक्षक, अपराध की थाने पर नियुक्ति किये जाने एवं उसके कर्तव्य निर्धारण विषयक निर्देश।

● पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने अक्टूबर 2018 में समस्त एडीजी, ज़ोन, आईजी / डीआईजी, रेन्ज, जनपदीय एसएसपी / एसपी, प्रभारी जनपद, उ.प्र. इत्यादि को निम्न निर्देश भी दिये हैं–

1. दिनांक 23.10.2018 : नागरिक पुलिस एवं आरक्षी पीएसी सीधी भर्ती 2018 की द्वितीय पाली की निरस्त परीक्षा के दिनांक 25.10.2018 व 26.10.2018 को 16 जनपदों के 482 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजन हेतु निर्देश;

2. दिनांक 23.10.2018 : अभियोजन एवं पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित पूर्व निर्गत परिपत्रों के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा व अग्रिम निर्देश;

3. दिनांक 09.10.2018 : दुर्गापूजा, महाअष्टमी, महानवमी व विजयदशमी पर समुचित सुरक्षा / पुलिस व्यवस्था हेतु निर्देश।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. द्वारा निर्देशित प्रदेशव्यापी अभियानों की उपलब्धियाँ

● दिनांक 30.10.2018 को प्रदेश में चेहल्लुम निर्विघ्न पूर्ण हुआ। वर्ष 2015 में 03, वर्ष 2016 में 01 एवं वर्ष 2017 में 02 घटनायें हुई थीं।

● दुर्गापूजा, महाअष्टमी, महानवमी, विजयदशमी एवं दुर्गा प्रतिमा विसर्जन सकुशल सम्पन्न कराये गये। इन त्योहारों पर वर्ष 2016 में 55, वर्ष 2017 में 27 एवं वर्ष 2018 में 07 घटनायें हुईं।

## पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के भ्रमण कार्यक्रम

● दिनांक 07.10.2018 : बाराबंकी के रिक्रूट्स प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया। आर.टी.सी. के अध्यापक, आई.टी.आई. एवं पी.टी.आई. से ढाई माह की अवधि में प्रदत्त प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा शारीरिक प्रशिक्षण के साथ मानसिक प्रशिक्षण, सर्विलांस, साइबर अपराध तथा विधि विज्ञान सम्बन्धी प्रशिक्षण हेतु निर्देशित किया। एसपी, बाराबंकी को आरक्षियों, उपनिरीक्षकों एवं निरीक्षकों के साथ नियमित संवाद स्थापित कर समस्याओं के निराकरण हेतु भी निर्देश दिये।

## "पुलिस रेडियो मेल" सेवा का उद्घाटन

● दिनांक 10.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने "पुलिस रेडियो मेल" सेवा का उद्घाटन पुलिस रेडियो मुख्यालय पर किया। इसके माध्यम से उ.प्र. में एक रेडियो केन्द्र से दूसरे रेडियो केन्द्र को या सभी रेडियो केन्द्रों को एक साथ संदेश तुरन्त भेजा जा सकेगा। मेल सेवा पूरी तरह से सुरक्षित एवं गोपनीय है।



## विविध

● दिनांक 31.10.2018 : श्री आनन्द कुमार, एडीजी, कानून–व्यवस्था ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिवस पर "राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ" दिलायी।

● दिनांक 29.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उप्र. ने 155 वर्ष पुराने लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज के 125 वर्ष पुराने रसायन विभाग में 03 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया।

● दिनांक 28.10.2018 : एडीजी, प्रशासन, श्री हरिराम शर्मा ने 10वें पीपीएस ऑफिसर्स (रिटायर्ड) वेलफेयर एसोसिएशन के वार्षिक अधिवेशन में अपने विचार रखे। 1405 सदस्यीय एसोसिएशन ने केरल बाढ़ पीड़ितों की मदद हेतु रु. 2.50 लाख दिये।

● दिनांक 22.10.2018 : 1090 चौराहा पर ईप्टा कलाकारों ने शहीद पुलिस कर्मियों के सम्मान में लघु नाटक द्वारा पुलिस कर्मियों की घरेलू परिस्थितियों व पारिवारिक समस्याओं को प्रदर्शित किया। पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने ईप्टा संयोजक श्री इच्छा शंकर व कलाकारों को पुरस्कृत किया।

## श्रद्धांजलि

● दिनांक 10.10.2018 : उ.प्र.पु. के पूर्व पुलिस महानिदेशक, श्री श्रीराम अरुण का दिनांक 09.10. 2018 को दुःखद निधन हो गया। वर्ष 1963 बैच के आई.पी.एस. स्व. अरुण ने पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के पद को दो बार (दिनांक 03.05.1997 से 02.04. 1998 तक तथा 23.12.1999 से 31.07.2000 तक) सुशोभित किया। दिनांक 31.07.2000 को सेवानिवृत्ति के बाद वर्ष 2001 से 2004 तक एससी / एसटी आयोग के अध्यक्ष रहे। उत्कृष्ट सेवाओं के लिये राष्ट्रपति पदक, 1971 के बांग्लादेश युद्ध हेतु पूर्वी स्टार एवं संग्राम पदक से अलंकृत किये गये। इन्होंने पुलिस मॉडर्न स्कूल की स्थापना व जीवन रक्षक निधि की व्यवस्था करायी।

मा. मुख्यमंत्री, उ.प्र., मा. मन्त्रीगण, पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. व अधिकारियों ने शोक संवेदनाएँ व्यक्त कीं। दिनांक 10.10.2018 को अंत्येष्टि पूर्ण राजकीय सम्मान के साथ बैकुण्ठ धाम घाट पर की गयी जिसमें प्रमुख सचिव(गृह), पुलिस महानिदेशक, उ.प्र., सेवारत / सेवानिवृत्त अधिकारियों / कर्मचारियों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस ऑफिसर्स मेस की शोक सभा में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।




## आरक्षियों के रिफ्रेशर कोर्स का उद्घाटन

● दिनांक 08.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने लखनऊ में वर्ष 2015–16 बैच के आरक्षियों की कार्यक्षमता और पुलिस व्यवसायिकता में मूलभूत सुधार हेतु दिनांक 08.10.2018 से 19.10.2018 तक 12 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन किया। प्रथम चरण में लखनऊ के 200 महिला / पुरुष आरक्षियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया गया।

## पारिवारिक सरोकार

● दिनांक 06.10.2018 : पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने लखनऊ में निर्माणाधीन बहुमंजिला बैरक तथा फोर्टवाल का निरीक्षण किया। दिनांक 05.10.2018 को पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. के समक्ष प्रस्तुत हुई आरक्षी, आरमोरर गोविन्द सिंह की पत्नी की परिवारिक समस्याओं के निराकरण के लिये, वादे के अनुसार, पुलिस महानिदेशक ने उसके घर जाकर पारिवारिक विवाद निस्तारित किया।





## 02 अक्टूबर: गाँधी जी एवं शास्त्री जी जयन्ती

● राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुलिस महानिदेशक, उ.प्र. ने प्रेरणादायक सम्बोधन किया तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मियों को पुरस्कृत किया।





निर्देशन : श्री दीपक रतन, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जनरल स्टाफ आफिसर। सम्पादन एवं डिज़ाइन : श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर।
समाचार सामग्री सहयोग : श्री विवेक त्रिपाठी, पी.आर.ओ., पुलिस महानिदेशक, उ.प्र.। डिज़ाइन सहयोग : श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक। छायांकन सहयोग : श्री दिलीप तिवारी।
Printed by : शिवा PRESS ☎ 95989 666 88
मुद्रण– प्रतियाँ–3500